राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1625 / 2022 दिनांकः– 20 अगस्त, 2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः मिडटर्म परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र सं0 आर0एम0पी0यू0 / 963 / 2022, दिनांकः 08 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा निर्देशित किया गया था कि द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें दिनांकः 20 अगस्त, 2022 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त के अनुक्रम में अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा मिडटर्म परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालय लागिन पर अपलोड नही किये गये है। ऐसी स्थिति में सैद्धान्तिक परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नही होगा। इससे शैक्षणिक सत्र नियमित करने में कठिनाई उत्पन्न होगी।

तद्नुसार माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि मिडटर्म परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांकः 31 अगस्त, 2022 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराकर उसके अंक उसी दिन फोटो सहित महाविद्यालय लागिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कृते कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा / अलीगढ़।
3. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र, अलीगढ़।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

कृते कुलसचिव